कार्यालय, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समग्र शिक्षा, ब्लॉक–भीण्डर (उदयपुर)

# संकल्प-2022

**(एक अभिनव पहल)**

# प्रश्न बैंक

# हिन्दी

## कक्षा – 10

**बोर्ड परीक्षा परिणाम में गुणात्मक एवं संख्यात्मक उन्नयन हेतु अभिनव कार्ययोजना के तहत् निर्मित**

## मुख्य संरक्षक

**कानाराम , IAS**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

**एन्जिलिका पलात**
संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा, उदयपुर

**ओम प्रकाश आमेटा**
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
उदयपुर

## संरक्षक

**रमेश सीरवी पुनाड़िया, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
भीण्डर,उदयपुर

**श्रवण सिंह राठौड़, RAS**
उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर, उदयपुर

## मार्गदर्शन

**महेन्द्र कुमार जैन**
मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक भीण्डर, उदयपुर

**भेरुलाल सालवी**
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**रमेश खटीक**
अति.मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

**गिरिश चौबीसा**
संदर्भ व्यक्ति

**महेन्द्र कोठारी**
संदर्भ व्यक्ति

## संयोजक

राजेश गहलोत,प्रधानाचार्य,चतुर रा.उ.मा.वि. कानोड,उदयपुर

## कार्यकारी दल

राजेश मेहता,व्याख्याता, चतुर रा.उ.मा.वि. कानोड,उदयपुर
प्रेम शंकर जोशी,व.अ.,रा.मा.वि. पीथलपुरा,
अर्जुनलाल शर्मा, व.अ.,रा.मा.वि. राजपुरा,
मांगूसिंह मीणा, व.अ.,रा.उ.मा.वि. संग्रामपुरा,
गिरधारीलाल, व.अ.,रा.उ.मा.वि. आकोला,
शिवशंकर जोशी,व.अ.,रा.उ.मा.वि.अमरपुरा जागीर आकोला
हेमलता व्यास,,व.अ.,उग्रसेन कु.रा.उ.मा.वि.कानोड
निर्मला व्यास,व.अ.,रा..मा.वि.सीड
खुशबू नन्दावत,व.अ.,रा.उ.मा.वि.सारंगपुरा(कानोड)

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर

## परीक्षा 2022 के लिए संक्षिप्तिकृत पाठ्यक्रम

**विषय– हिन्दी**

**विषय कोड–01**

**कक्षा–10**

इस विषय में एक प्रश्न–पत्र होगा जिसकी परीक्षा योजना निम्नानुसार है—

| प्रश्न–पत्र | समय (घण्टे) | प्रश्न–पत्र के लिए अंक | सत्रांक | पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|
| एक | 3.15 | 80 | 20 | 100 |

| **अधिगम क्षेत्र** | **अंक** |
|---|---|
| अपठित गद्यांश | 10 |
| रचना | 14 |
| व्यावहारिक–व्याकरण | 10 |
| पाठ्य–पुस्तक : क्षितिज–भाग 2 | 36 |
| पूरक–पुस्तक : कृतिका–भाग 2 | 10 |

**1. अपठित बोध : 10**

(i) साहित्यिक गद्यांश (300 से 350 शब्द) (विकल्प सहित)
बहुचयनात्मक प्रश्न (5 प्रश्न × 1 अंक) = 5

(ii) काव्यांश (विकल्प सहित) बहुचयनात्मक प्रश्न (5 प्रश्न × 1 अंक) = 5

**2. रचना : 14**

(i) संकेत–बिंदुओं पर आधारित किसी एक आधुनिक विषय पर निबंध–लेखन (विकल्प सहित) लगभग 300 शब्दों में 6

(ii) पत्र–लेखन (औपचारिक / अनौपचारिक पत्र) (विकल्प सहित) 4

(iii) विषय से सम्बन्धित विज्ञापन लेखन 25–50 शब्दों में 4

**व्यावहारिक–व्याकरण : 10**

(i) पद भेद–संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया और अव्यय 4

(ii) उपसर्ग एवं प्रत्यय 2

(iii) संधि और समास 2

(iv) मुहावरे और लोकोक्तियाँ पाठ्यपुस्तक के आधार पर 2

**पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पुस्तक : 36**

**पाठ्यपुस्तक : क्षितिज**

(क) 1 व्याख्या गद्य भाग से (विकल्प सहित) 6

(ख) 1 व्याख्या पद्य भाग से (विकल्प सहित) 6

(ग) 2 निबन्धात्मक प्रश्न (1 गद्य एवं 1 पद्य भाग से विकल्प सहित)
(120 शब्द) 2 प्रश्न × 6 अंक = 12

(घ) 2 लघूत्तरात्मक प्रश्न (1 गद्य एवं 1 पद्य भाग से) (40 शब्द)

2 प्रश्न × 2 अंक = 4

(ङ) 4 अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (2 गद्य एवं 2 पद्य भाग से) (20 शब्द)

4 प्रश्न × 1 अंक = 4

(च) किन्हीं एक रचनाकार का परिचय (कवि अथवा लेखक) (80 शब्द) 4

**पूरक-पुस्तक : कृतिका** **10**

(i) पाठों पर आधारित **तीन** में से **दो** लघूत्तरात्मक प्रश्न

(लगभग 60 शब्द) 2 प्रश्न × 3 अंक = 6

(ii) अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न (20 शब्द) 2 प्रश्न × 1 अंक = 2

(iii) बहुविकल्पात्मक प्रश्न 2 प्रश्न × 1 अंक = 2

## परीक्षा 2022 के लिए पाठ्यपुस्तक से सम्मिलित अध्याय/इकाई का विवरण

| | |
|---|---|
| **क्षितिज – (पाठ्यपुस्तक) पद्य खण्ड** | |
| (i) सूरदास | 03 |
| (ii) तुलसीदास | 03 |
| (iv) जयशंकर प्रसाद | 03 |
| (v) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' | 03 |
| (vi) नागार्जुन | 03 |
| (vii) गिरिजा कुमार माथुर | 03 |
| (viii) ऋतुराज | 03 |
| **गद्य खण्ड :–** | |
| (x) स्वयं प्रकाश | 03 |
| (xi) रामवृक्ष बेनीपुरी | 03 |
| (xii) यशपाल | 03 |
| (xiv) मन्नू भण्डारी | 03 |
| (xvi) यतीन्द्र मिश्र | 03 |
| **कृतिका (पूरक–पुस्तक) :–** | |
| (i) माता का आँचल | 03 |
| (ii) जॉर्ज पंचम की नाक | 03 |
| (iii) साना–साना हाथ जोड़ि | 04 |

# परीक्षा 2022 के लिए विलोपित किये गये अध्याय/इकाई का विवरण

| | |
|---|---|
| | **क्षितिज (पाठ्यपुस्तक) :–**<br>**पद्य**<br>• देव<br>• मंगलेश डबराल<br>**गद्य :–**<br>• सर्वेश्वर दयाल सक्सेना<br>• महावीर प्रसाद द्विवेदी<br>• भंदत आनंद कौसल्यायन<br>**कृतिका (पूरक पुस्तक) :–**<br>• एही ठैया झुलनी हैरानी हो रामा !<br>• मैं क्यों लिखता हूँ ? |

**निर्धारित पाठ्यपुस्तकें :**

(1) क्षितिज भाग-2—एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित

(2) कृतिका भाग-2—एन.सी.ई.आर.टी. से प्रतिलिप्याधिकार अन्तर्गत प्रकाशित

# अनुक्रमणिका

## कृतिका


| पाठ क्रमांक | पाठ का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | माता का आँचल | 1 |
| 2 | जॉर्ज पंचम की नाक | 2 |
| 3 | साना साना हाथ जोड़ि | 4 |


## क्षितिज


| | | |
|---|---|---|
| 1 | सूरदास | 5 |
| 2 | तुलसीदास | 7 |
| 4 | जयशंकर प्रसाद | 8 |
| 5 | सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला | 9 |
| 6 | नागार्जुन | 10 |
| 7 | गिरिजा कुमार माथुर | 11 |
| 8 | ऋतुराज | 12 |
| 10 | नेताजी का चश्मा | 14 |
| 11 | बालगोबिन भगत | 15 |
| 12 | लखनवी अन्दाज | 16 |
| 14 | एक कहानी यह भी | 18 |
| 16 | नौबतखाने में इबादत | 20 |
| (i) | व्यावहारिक व्याकरण | 21 |
| (ii) | मॉडल प्रश्न पत्र | 27 |

# कृतिका

पाठ का नाम– माता का आँचल ( 1 )

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का विकल्प कोष्ठक में लिखिए–

1 'माता का आँचल' नामक कहानी के लेखक है–

(अ)कमलेश्वर (ब) शिवपूजन सहाय (स) प्रेमचंद (द) मधु कांकरिया (ब)

2. लेखक का वास्तविक नाम था–

(अ) तारकेश्वरनाथ (ब) महेशनाथ (स) भोलानाथ (द) शिवनाथ (अ)

3. लेखक गली में खिलौना लेकर जाते थे–

(अ) कार का (ब) बैलगाड़ी का (स) हाथी का (द) काठ का घोड़ा (द)

4. 'चिरौरी करना' मुहावरे का अर्थ है–

(अ) चिढ़ाना (ब) नकल करना (स) चोरी करना (द) विनती करना (द)

5. भोलानाथ पूजा के समय मस्तक पर तिलक लगाते थे–

(अ) हल्दी का (ब) चंदन का (स) भभूत का (द) चावल का (स)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर "हाँ" या "नहीं" में दीजिए–

6. पूजा–पाठ करने के बाद लेखक के पिता पाँच सौ बार राम–नाम लिखते थे। (हाँ)

7. लेखक के पिता उन्हें प्यार से प्यारेलाल बुलाते थे। (नहीं)

8. लेखक और उनके दोस्त साँप के डर से रोते चिल्लाते भागे थे। (हाँ)

9. लेखक के बाबूजी गीता का पाठ करते थे। (हाँ)

10. भभूत लगाने से लेखक श्री कृष्ण जैसे लगते थे। (नहीं)

निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

11. लेखक के साथियों में सबसे ज्यादा ढींठ ..................था। (बैजू)

12. लेखक का बचपन में सबसे अधिक जुड़ाव...............से था। (बाबूजी)

13. भोलानाथ और उसके साथी अपने घरौंदे के किवाड़......... से बनाते थे। (दियासलाई)

14. लेखक बचपन मे अपने पिताजी के साथ ........ खेलता था। (कुश्ती)

15. लेखक के पिता गंगाजी में मछलियों को .............खिलाते थे। (आटे की गोलियाँ)

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

16. ' माता का आँचल 'पाठ किस उपन्यास का अंश है?

उत्तर– ' माता का आँचल 'पाठ देहाती दुनिया उपन्यास का अंश है।

17. बचपन में लेखक और उनके साथियों के खेल कैसे हुआ करते थे?

उत्तर– बचपन में लेखक और उनके साथियों के खेल नाटक जैसे हुआ करते थे।

18. मकई के खेत में किस का झुण्ड चर रहा था?

उत्तर– मकई के खेत में चिड़ियों का झुण्ड चर रहा था।

19. लेखक के लहूलुहान होने पर घाव पर क्या थोपा गया?

उत्तर– लेखक के लहूलुहान होने पर घाव पर हल्दी पीस कर लेप थोपा गया।

20. पाठशाला में बच्चों की शिकायत किस व्यक्ति ने की थी?

उत्तर–. पाठशाला में बच्चों की शिकायत मूसन तिवारी ने की थी।

## पाठ का नाम– जॉर्ज पंचम की नाक ( 2 )

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का विकल्प कोष्ठक में लिखिए–

1. समाज में नाक किसका प्रतीक मानी जाती है?

(अ) धन का (ब) महानता का (स) इज्जत का (द) सुन्दरता का (स)

2. 'जॉर्ज पंचम की नाक' नामक कहानी के अनुसार कहाँ की रानी भारत में आने वाली थी?

(अ) अमेरिका की (ब) इंग्लैड की (स) नेपाल की (द) श्रीलंका की (ब)

3. 'जॉर्ज पंचम की नाक' नामक पाठ के लेखक का क्या नाम है?

(अ) कमलेश्वर (ब) धर्मवीर भारती (स) प्रेमचंद (द) शिवपूजन सहाय (अ)

4. प्रस्तुत कहानी में मूर्तिकार ने किन बच्चों का उल्लेख किया है?

(अ) नालायक बच्चों का (ब) 1942 में शहीद होने वाले बच्चों का
(स) खेल खेलने वाले बच्चों का (द) शिक्षा में नाम कमाने वाले बच्चों का (ब)

5. जॉर्ज पंचम की लाट कहाँ स्थित थी?
(अ) राजपथ पर (ब) मध्य पथ पर (स) उतरी पथ पर (द) रिंग रोड़ पर (अ)
6. लेखक के अनुसार कुछ नाकों को उतार कर कहाँ पहुँचा दिया गया?

(अ) अजायबघरों में (ब) विद्यालयों में (स) कैद खानों में (द)कार्यालयों में (अ)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर "हाँ" या "नहीं" में दीजिए–

7. इंग्लैड की रानी के आने पर फोटोग्राफरों की एक फौज तैयार हो रही थी। (हाँ)

8. इंग्लैड की रानी छः हजार रूपये का सूट पहनकर भारत आ रही थी। (नहीं)

9.इंग्लैड के अखबारों की कतरने हिंदुस्तानी अखबारों में उसी दिन चिपकी नजर आती थी।(नहीं)

10. इंग्लैड से आने वाली रानी का नाम एलिजाबेथ तृतीय था। (नहीं)

11. नाक के पत्थर की छानबीन करने के लिए पुरातत्व विभाग की फाइलों के पेट चीरे गए। (हाँ)

निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

12. शंख इंग्लैड में बज रहा था और गूंज..........................में आ रही थी। (हिन्दुस्तान)

13. रानी ने हिंदुस्तान से रेशमी कपड़ा मंगवा कर हल्के...................रंग का सूट बनवाया। (नीले)

14. नई दिल्ली में सब था,सिर्फ ......................नहीं थी। (नाक)

15. सब नेताओं की नाकों का नाप लिया गया पर जॉर्ज पंचम की इस नाक से सब ................... निकलीं। (बड़ी)

निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में दीजिए–

16. मूर्तिकार हिन्दुस्तान के किस जगह के दौरे पर निकल पड़ा?
उत्तर– मूर्तिकार हिन्दुस्तान के पहाड़ी प्रदेशों और पत्थरों की खानों के दौरे पर निकल पड़ा।
17. 1942 में शहीद होने वाले बच्चों की मूर्तियाँ कहाँ स्थापित है?
उत्तर– 1942 में शहीद होने वाले बच्चों की मूर्तियाँ बिहार के सेक्रेटरीएट के सामने स्थापित है।
18. 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के अनुसार देखते–देखते कौनसे शहर का कायापलट होने लगा ?
उत्तर– 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के अनुसार देखते–देखते नई दिल्ली का कायापलट होने लगा।
19. अखबारों में किसकी चर्चा हो रही थी?
उत्तर– अखबारों में इंग्लैड़ की रानी एलिजाबेथ. द्वितीय मय अपने पति के हिन्दुस्तान आने की चर्चा हो रही थी।
20. मूर्तिकार किस तरह का कलाकार था?
उत्तर– मूर्तिकार पैसे से लाचार और हार नहीं माननें वाला कलाकार था।

## पाठ का नाम –साना साना हाथ जोड़ि ( 3 )

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर का विकल्प कोष्ठक में लिखिए–

1 मधु कांकरिया का जन्म किस स्थान पर हुआ ?

(क) दिल्ली (ख) कोलकाता (ग) लखनऊ (घ) चेन्नई (ख) कोलकाता

2 साना–साना हाथ जोड़ि – पाठ की विधा क्या है?

(क) निबन्ध (ख) कहानी (ग) यात्रा – वृतान्त (घ) उपन्यास (ग) यात्रा – वृतान्त

3 लेखिका के ड्राईवर का क्या नाम था?

( क) जितेन ( ख) महेश (ग) मणि (घ) गुरुंग (क) जितेन

4 'साना–साना हाथ की जोड़ि' पाठ में किस शहर के सौन्दर्य का वर्णन है?

(क) अगरतला (ख) गुवाहाटी (ग) महाबलेश्वर (घ) गंगटोक (घ) गंगटोक

5 जितेन ने देवी – देवताओं के निवास वाली जगह का क्या नाम बताया ?

(क) यूमयांग (ख) खेदुम (ग) कटाव (घ) मेटुला (ख) खेदुम

निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

6 साना–साना हाथ जोड़ि –पाठ की लेखिका ...........................................है। ( मधु कांकरिया )

7 हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी घाटी ..................................................है। ( कंचन जंगा )

8 'रकम – रकम' का अर्थ ..............................................................................है। ( तरह – तरह )

9 जितेन ने यूमथांग घाटी में ..............................फिल्म की शूटिंग होने की बात कही। (गाइड )

10 गंगटोक का अर्थ ..............................................है। ( पहाड़ )

सही कथन के आगे सही एवं गलत कथन के आगे गलत लिखिए–

11 मधु कांकरिया का जन्म सन् 1957 में हुआ। ( सही )

12 लेखिका ने गंगटोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर कहा है। ( सही )

13 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ की विधा निबन्ध है। ( गलत )

14 गंगटोक में श्वेत पताकाएँ शोक के अवसर फहराई जाती है। ( सही )

15 'साना–साना हाथ जोड़ि' पाठ में महाबलेश्वर शहर के सौन्दर्य का वर्णन है। ( गलत )

अति लघूतरात्मक प्रश्न :–

प्रश्न :–16 लेखिका ने'साना–साना हाथ जोडि' प्रार्थना किससे सीखी ?

उत्तर :– लेखिका ने'साना–साना हाथ जोडि' प्रार्थना नेपाली युवती से सीखी।

प्रश्न :–17 'साना–साना हाथ जोडि' पाठ में किसका वर्णन किया गया है?

उत्तर :– इसमें लेखिका मधु कांकरिया ने सिक्किम की राजधानी गंगटोक तथा हिमालय की यात्रा का वर्णन किया गया है।

प्रश्न :–18 इस पाठ की लेखिका मधु कांकरिया की प्रमुख रचनाएँ कौन–कौन सी है?

उत्तर :– इनकी प्रमुख रचनाएँ'पुत्ताखोर','उपन्यास','सलाम आखिरी','खुले गगन के लाल सितारे', 'बीतते हुए',अन्त में इशु कहानी संग्रह तथा इन्होने कईयात्रा–वृतान्त भी लिखे है।

प्रश्न :–19 पहाड़ी कुत्तों की मणि ने क्या विशेषता बताई ?

उत्तर :– मणि ने बताया की पहाड़ी कुत्ते केवल चाँदनी रात में ही भोंकते है।

प्रश्न :–20 गंगटोक में सुबह आँख खुलतें ही लेखिका बालकनी की और क्यों दौड़ी ?

उत्तर :– गगटोक में सुबह आँख खुलतें ही लेखिका बालकनी की और कंचनजंगा देखने के लिए दौड़ी ।

प्रश्न :–21 गंगटोक की सुन्दरता का क्या कारण है?

उत्तर :– गगटोक के निवासी प्रकृति व उसके परिदृश्यों की पूजा करतें है। उनकी मान्यता है कि जो भी यहाँ गन्दगी फैलाएगा उसकी मृत्यु हो जाएगी । यहीं स्वच्छता गंगटोक की सुन्दरता का कारण है।

# क्षितिज

## पाठ का नाम - सूरदास

**(क)रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए**

1. सूरदास का जन्म--------------- में माना जाता है ! **(**1478 ई.**)**
2. सूरदास के गुरु का नाम -------------- माना जाता है ! **(महाप्रभु वल्लभाचार्य)**
3. सूरदास ....................रस के श्रेष्ठ कवि माने जाते है ! **(वात्सल्य और श्रंगार रस)**
4. उधो तुम हो अति............................. । **(बडभागी)**
5. ---------------का निखरा रूप सूरदास की कविता में प्रकट हुआ है। **(ब्रजभाषा)**

**(ख) सही कथन के आगे हाँ एवं गलत कथन के आगे ना लगाओ** 1.

"सूर सागर" ग्रंथ की रचना सूरदास ने की थी। **(हाँ)**

2. "भ्रमर गीत" सूरदास द्वारा रचित ग्रंथ साहित्य लहरी का अंश है । **(ना)**

3. सूरदास ने श्रीराम की भक्ति से ओतप्रोत कविताएँ लिखी है । **(ना)**

4. कृष्ण के दूत बनकर गोपियों को ज्ञान सिखाने वाले व्यक्ति का नाम उद्धव था । **(हाँ)**

5. गोपियों ने उद्धव के व्यवहार की तुलना दूध से की है । **(ना)**

**(ग) बहु विकल्पात्मक प्रश्न**

1. गोपियों ने अपनी तुलना किससे की है :-

[क] श्री कृष्ण से [ख] भौंरे से [ग] विरहिणी से [घ] चींटी से [घ]

2. गोपियों की विरहाग्नि और बढ़ गई थी :-

[क] योग के सन्देश सुनकर [ख] कृष्ण की बाते सुनकर

[ग] उद्धव की दशा देखकर [घ] भौरों को उड़ते देखकर [क]

3. गोपियों ने हारिल की लकड़ी बताया है :-

[क] उद्धव को [ख] राधा को [ग] कृष्ण को [घ] गोपो को [ग]

4. गोपियों के अनुसार राजनीति कौन पढ़ आए है :-

[क] उद्धव [ख] सुदामा [ग] कृष्ण [घ] बलराम [ग]

5. सूरदास की कविताओं में जिस भाषा का प्रयोग हुआ है वह हैं:-

[क] राजस्थानी [ख] गुजराती [ग] अवधी [घ] ब्रजभाषा [घ]

**(घ) अतिलघूतरात्मक प्रश्न**

1. सूर की गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए ?

उत्तर - सूर की गोपियों के अनुसार राजा का धर्म प्रजा को खुश रखना होना चाहिए !

2. गोपियों ने श्री कृष्ण के प्रति अपने प्रेम को किसके समान कहा है ?

उत्तर - गोपियों ने श्री कृष्ण के प्रति अपने प्रेम को गुड़ से सनी चीटी के समान बताया है ! चीटी गुड़ में चिपक कर मर जाती है !

3. सूरदास के पदों के अनुसार गोपियों की क्या-क्या विशेताएँ है ?

उत्तर - गोपियाँ बातचीत में होशियार है , गोपियों को व्यावहारिक ज्ञान है , गोपियों का प्रेम सच्चा प्रेम है , गोपियाँ नाराज भी हो जाती है !

4. गोपियों के मन की बात मन में ही क्यों रह गई ?

उत्तर - गोपियों के मन में था कि श्री कृष्ण उनकी आखों के सामने रहें किन्तु मथुरा चले जाने से गोपियों के मन की बात

मन में ही रह गई !

5. गोपियों ने उद्धव को क्या सन्देश देना चाहा ?

उत्तर - गोपियाँ उद्धव को संदेश देना चाहती है कि वे श्री कृष्ण के साथ एकनिष्ठ प्रेम करती है ! श्री कृष्ण को भूल जाने की बात उन्हें किसी भी कीमत पर स्वीकार नही है !

# पाठ का नाम - तुलसीदास ( 2)

**(क) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :-**

1. गोस्वामी तुलसीदास का जन्म सन ----------- में हुआ था । **(**1532ई.**)**

2. ------------------ ने तुलसी को रामभक्ति में प्रेरित किया ।**(**गुरू नरहरि दास**)**

3. संसार को-------------- जेसा अमूल्य साहित्य रत्न तुलसीदास ने ही दिया। **(**<u>रामचरितमानस</u>**)**

4. तुलसीदास का देहावसान सन---------- में काशी हुआ था। (1623 ई.)

5. लक्ष्मण परशुराम संवाद तुलसीकृत रामचरित मानस के---------- से लिया गया है। **(**<u>बालकांड</u>**)**

**(ख) सत्य कथन के आगे सही का चिह्न और असत्य कथन के आगे गलत का चिह्न अंकित करे**

1. सीता स्वयंवर में श्रीराम ने धनुष नही तोड़ा था [×]

2. "सूरसागर" ग्रंथ की रचना तुलसी ने की थी ! [×]

3. तुलसीदास का जन्म मध्यप्रदेश राज्य में हुआ था ! [×]

4. श्रीराम और लक्ष्मण सीता स्वयंवर में अपने गुरु श्री विश्वामित्र के साथ पहुचे थे ! [√ ]

5. श्रीराम का स्वभाव विनम्रता से ओतप्रोत था ! [√ ]

(ग) भृगुसूत से क्या तात्पर्य है :-

1. (क) परशुराम (ख) विश्वामित्र (ग) लक्ष्मण (घ) राम [क]

2. "रघुकुल भानु " शब्द किसके लिए आया है :-

(क) राम (ख) लक्ष्मण (ग) विश्वामित्र (घ) परशुराम [क]

3. "नाथ संभुधनु भंजनिहारा" में नाथ शब्द का प्रयोग हुआ है :-

(क) राम के लिए (ख) जनक के लिए (ग) परशुराम के लिए (घ) विश्वामित्र के लिए [ग]

4. परशुराम विश्व में प्रसिद्ध थे :-

(क) महान मुनि के रूप में (ख) बाल ब्रह्मचारी के रूप में

(ग) अतिक्रोधी के रूप में (घ) क्षत्रियों के प्रेमी के रूप में [ग]

5. लक्ष्मण ने परशुराम के वचनों को बताया :-

(क) शांत और शुभ (ख) शास्त्र विरुद्ध (ग) आनन्ददायक (घ) कठोर [घ]

**(घ) अतिलघूतरात्मक प्रश्न -**

(1) परशुराम ने धनुष तोड़ने वाले को अपना सेवक क्यों नहीं माना ?

उत्तर - क्योंकि सेवक वह होता है जो सेवा करता है ! गुरु के धनुष को तोड़ने वाले को परशुराम सेवक नहीं अपितु शत्रु मानते है !

(2) "इहाँ कुम्हड़बतिया कोऊ नाहीं" कहने से लक्ष्मण का क्या तात्पर्य है?

उत्तर - लक्ष्मण का आशय यह है कि वह कोई डरपोक व्यक्ति नहीं है जो किसी की जरा सी धमकी देने पर घबरा जायेंगे !

(3) लक्ष्मण ने अपने कुल रघुवंश की क्या परंपरा बताई ?

उत्तर - लक्ष्मण ने कहा कि उनके वंश में देवताओ,ब्राह्मण, भगवान के भक्तो और गायो पर वीरता दिखाने की परम्परा नहीं है !

(4) परशुराम पर किसका ऋण बाकी था , जिसे वह लक्ष्मण को मारकर चुकाना चाहते थे?

उत्तर - परशुराम पर अपने गुरु का ऋण बाकी था, जिसे वह लक्ष्मण को मारकर चुकाना चाहते थे !

(5) लक्ष्मण के अनुसार धनुष टूटने का क्या कारण था ?

उत्तर - लक्ष्मण ने कहा कि राम ने तो धनुष को नया जानकर परखा था,परन्तु वह तो राम के छुने से ही टूट गया !

## पाठ का नाम – जय शंकर प्रसाद (4)

(1) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1. जय शंकर प्रसाद का जन्म ..................................में हुआ। (वाराणसी)
2. ...................... पर प्रसाद जी को मंगलाप्रसाद पारितोषिक दिया गया। (कामायनी)
3. असहमति के तर्क से पैदा हुई कविता है – .......................... (आत्मकथ्य)
4. .......................... शैली में लिखी गई इस कविता में जयशंकर प्रसाद ने जीवन के यर्थाथ एवं अभाव पक्ष की मार्मिक अभिव्यक्ति की है। (छायावादी)

.

5. अजात शत्रु, चंद्रगुप्त, स्कंदगुप्त और ध्रुवस्वामिनी प्रसाद जी के ................ है (नाटक)

(2) सत्य कथन के आगे सही व असत्य कथन के आगे गलत का चिन्ह अंकित करे–

(क) प्रसाद का साहित्य जीवन की कोमलता, माधुर्य, शक्ति और ओज का साहित्य माना जाता है। (सही)

(ख) प्रसाद जी के गुरु ने आग्रह किया कि वे भी आत्म कथा लिखे। (गलत)

(ग) आत्म कथ्य कविता पहली बार 1935 में आत्मकथा विशेषांक में प्रकाशित हुई। (गलत)

(घ) आत्मकथ्य कविता में एक तरफ कवि द्वारा यथार्थ की स्वीकृति है तो दूसरी तरफ एक महान कवि की विनम्रता है। (सही)

(ङ) जयशंकर प्रसाद का जन्म सन् 1889 में हुआ। (सही)

(3) (1.) कवि ने मधुप शब्द का प्रयोग किया?

(अ) भौर के लिए (ब) अंतर्मन के लिए (स) गागर के लिए (द) दुर्बलताओं के लिए ( ब )

(2.) 'सरलते' संबोधन किया है?

(अ) सरल स्वभाव के लिए (ब) प्रवंचना के लिए (स) दुर्बलता के लिए (द) प्रिया के लिए ( अ )

(3.) कविता में थका पथिक कौन है?

(अ) यात्री (ब) सूर्य (स) कवि (द) मधुप ( स )

(4.) कवि ने अपनी आत्म कथा को बताया है?

(अ) जटिल (ब) उलझी (स) व्यथा (द) भोली ( द )

(5.) कवि कैसा स्वप्न देख कर जाग गया?

(अ) बुरा स्वप्न (ब) प्रेम स्वप्न (स) अच्छा स्वप्न (द) लंबा स्वप्न ( ब )

(4.) (1.) 'आत्मकथ्य' कविता सर्वप्रथम कौनसी पत्रिका में प्रकाशित हुई?

**उत्तर** – 1932 में हंस के आत्मकथा विशेषांक में।

(2.) 'देखों यह गागर रीती' गागर रीती से कवि का क्या अभिप्राय है?

**उत्तर** – गागर रीती से आशय – उपलब्धियों से रहित एवं असफल जीवन से है।

(3.) कवि अपनी आत्मकथा क्यों नहीं लिखना चाहता है?

**उत्तर** – इसलिए कि उनकी भूलें सबके सामने प्रकट हो जायेगी और सब उनके स्वभाव के सरलता की हँसी उड़ाऐंगे।

(4.) 'यह लो करते रहते हो अपना व्यंग्य मलिन उपहास' – इस पंक्ति का क्या आशय हैं?

**उत्तर** – कवि के अनुसार संसार में आत्मकथाएँ लिखने वाले स्वयं को ही व्यंग्य और उपहास का पात्र बना रहे हैं। अपनी दुर्बलताएँ और असफलताएँ सुनाकर ये लोग दूसरों को अपने ऊपर हँसने और व्यंग्य करने का अवसर दे रहे है।

(5.) 'थकी सोई है मेरी मौन व्यथा' पंक्ति का क्या आशय है?

**उत्तर** –कवि कहते है कि मेरी व्यथाएँ, कठिनाइयाँ, परेशानियाँ, सब थक कर मौन हो चुकी है।

## पाठ का नाम –सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला ( 5 )

(1.) **रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –**

1. राम कृष्ण परमहंस और विवेकानंद की विचारधारा ने ............ पर विशेष प्रभाव डाला। (निराला)
2. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म बंगाल के महिषादल में सन् ..................... में हुआ।(1899)
3. उत्साह एक ...................... गीत है जो बादल को संबोधित करता है। (आह्वान)
4. अट नहीं रही है कविता .................... की मादकता को प्रकट करती है। (फागुन)
5. बादल पीड़ित प्यासे जन की .................... को पूरा करने वाला है। (आकांक्षा)

(2.) **सत्य कथन के आगे ( सही ) व असत्य कथन के आगे ( गलत ) का चिहन अंकित करे।**

1. छायावादी रचनाकारों में निराला ने सबसे पहले मुक्त छंद का प्रयोग किया। (सही)
2. 'उत्साह' निराला का प्रिय विषय है। (गलत)
3. कवि निराला जीवन को व्यापक एवं सकीर्ण दृष्टि से देखता है। (गलत)

4. निराला की कविता में शोषक वर्ग और सत्ता के प्रति प्रचंड प्रतिकार का भाव है।(सही)

5. सामाजिक क्रांति या बदलाव में साहित्य की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। (सही)

(3.) 1. किस समय की शोभा से कवि की आँख हटाए नहीं हटती?

(अ) शरद की (ब) फागुन की (स) शिशिर की (द) ग्रीष्म की ( ब )

2. 'बाल कल्पना' के से पाले में निहित अलंकार है?

(अ) मानवीकरण (ब) उपमा (स) पुनरुक्ति (द) अतिशयोक्ति ( ब )

3. 'अट नहीं रही है' कविता में किस ऋतु का वर्णन है?

(अ) हेमंत का (ब) शरद का (स) बसंत का (द) ग्रीष्म का ( स )

4. घेर घेर घोर गगन 'पंक्ति में किसे घेरने की बात कही गई है?

(अ) बादल को (ब) चन्द्रमा को (स) सूर्य को (द) आकाश को ( द )

5. बादल किसका प्रतीक है?

(अ) पौरुष का (ब) उत्साह का (स) क्रांति का (द) प्रेरणा का ( स )

(4.) 1. बादल किसकी प्रेरणा देते है?

उत्तर – नवजीवन एवं नयी कविता सृजन की प्रेरणा देते है।

2. बादल को 'अनंत के धन' क्यों कहा ?

उत्तर – बादल विस्तृत आकाश में दूर तक जाता है और धरती का ताप मिटा देता है।

3. निराला की प्रमुख रचनाएॅ बताइये?

उत्तर – अनामिका, परिमल, गीतिका, कुकुरमुत्ता, नये पत्ते

4. अट नहीं रही कविता का वर्ण्य विषय क्या है?

उत्तर – फागुन मास का प्राकृतिक सौन्दर्य कविता का विषय है।

5. जल से शीतल करने का आशय स्पष्ट किजिए?

उत्तर – गर्मी की ऋतु के बाद बादल आकर धरती को अपनी वर्षा से शीतल कर देते है। कवि बादल का आह्वान करता है कि वह पृथ्वीवासियों को कष्टों से मुक्ति प्रदान कर सुख शांति दे।

## पाठ का नाम – नागार्जुन (6)

बहुविकल्पात्मक प्रश्न –

प्र.1 'जलजात' का क्या अर्थ है ?

(अ) पुष्प (ब) कमल (स) जल (द) बादल (ब)

प्र.2 नागार्जुन का मूल नाम क्या था ?

(अ) बाबानाथ मिश्र (ब) वैद्यनाथ मिश्र (स) राजनाथ मिश्र (द) भवानी प्रसाद मिश्र (ब)

प्र.3 निम्न में से नागार्जुन की काव्यकृति कौनसी है ?

(अ) कामायनी (ब) युगधारा (स) गीतावली (द) सूरसागर (ब)

प्र.4 नागार्जुन श्रीलंका में किस धर्म में दीक्षित हुए थे ?

(अ) हिन्दू (ब) जैन (स) बौद्ध (द) सिक्ख (स )

प्र.5 नागार्जुन ने बांस और बबूल किसके लिए कहा था ?

(अ) स्वयं के लिए (ब) बच्चे के लिए (स) शिशु की मुस्कान के लिए (द) पेड़ के लिए (अ)

2 रिक्त स्थान की पूर्ति करो–

1. नागार्जुन मैथिली भाषा में ........................ उपनाम से कविता लिखते थे । (यात्री)
2. बच्चे और पिता के मध्य स्नेह का माध्यम ...................... बनती है। (माता)
3. 'मधुपर्क' को ............................ भी कहते है। (पंचामृत)
4. बांस और बबूल के पेड़ से .......................... के फूल झरने लगे ।(शेफालिका)
5. नागार्जुन का जन्म .......................... राज्य में हुआ था। (बिहार)

3. सही कथन के आगे सही और गलत कथन पर गलत लिखों–

1. नागार्जुन ने किसानों के परिश्रम एवं प्रकृति की महानता का गुणगान 'फसल' कविता में किया। (सही)
2. 'चन्द्र' चांद का तत्सम रूप है। (सही)
3. नागार्जुन ने बांग्ला एवं संस्कृत में भी कविताएं लिखी थी । (सही)
4. 'दंतुरित मुस्कान' से बच्चे की उम्र लगभग 12 माह की होती है। (गलत)
5. कवि नागार्जुन को मैथिली भाषा के लिए कोई पुरस्कार नहीं मिला । (गलत)

4. अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न –

1. 'पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण ' से कवि का क्या आशय है?

उ. बच्चे का कोमल स्पर्श पाकर कठोर पत्थर दिल भी पिघल कर जल बन गया।

2. 'दंतुरित मुस्कान' कविता किसके लिए लिखी गई है?

उ. यह कविता अपने बच्चे के लिए लिखी गई ।

3. नागार्जुन के अनुसार फसल क्या है ?

उ. कवि के अनुसार फसल हवा , पानी , धूप एवं मिट्टी और मानव श्रम के संयोग एवं किसान के योगदान का प्रतिफल है।

4. कवि 'दंतुरित मुस्कान' किसके माध्यम से देख पाया?

उ. कवि शिशु की दंतुरित मुस्कान मां एवं पत्नी के माध्यम से देख पाया।

5. 'धूल धूसरित अंगों को देखकर ' कवि किससे तुलना करता है ?

उ. कवि धूल – धूसरित अंगो की तुलना झोंपडी में कमल खिलने से करता है।

## पाठ का नाम – गिरिजा कुमार माथुर (7)

बहुविकल्पात्मक प्रश्न

प्र.1 'सरमाया' का अर्थ है –

(अ) पूँजी (ब) शर्म (स) माँ (द) कोई नहीं (अ)

प्र.2 गिरिजा कुमार माथुर का जन्म कब हुआ था ?

(अ) 1918 ई. (ब) 1889 ई. (स) 1818 ई. (द) 1878 ई. (अ)

प्र.3 'यामिनी' का अर्थ है –

(अ) रात (ब) निशा (स) रात्रि (द) उपर्युक्त सभी (द)

प्र.4 'सुधियाँ ' शब्द का अर्थ है –

(अ) स्मृतियां (ब) सुधार (स) सुविधा (द) कोई नहीं (अ)

प्र.5 रोमानी प्रकृति के कवि है–

(अ) प्रेमचंद (ब) निराला (स) ऋतुराज (द) गिरिजा कुमार माथुर (द)

2 रिक्त स्थान की पूर्ति करो–

1. छाया को छूने का परिणाम ................. होता है। (दुःखमय)
2. हर चन्द्रिका में छिपी एक रात ..................... है। (कृष्णा)
3. गिरिजा कुमार माथुर का जन्म ..................... राज्य में हुआ । (मध्य प्रदेश)
4. गिरिजा कुमार माथुर की प्रांरभिक शिक्षा................में हुई थी। (झांसी)
5. मनुष्य के मन में ..................... रहती है जिससे वह सही गलत का निर्णय नहीं ले पाता है । (दुविधाएं)

3. सही कथन के आगे सही और गलत कथन पर गलत लिखों।

1. 'नाश और निर्माण ' काव्य संग्रह गिरिजा कुमार माथुर का नहीं है। (गलत)
2. गिरिजा कुमार माथुर के कार्य क्षेत्र आकाशवाणी और दूरदर्शन रहे। (सही)
3. 'होगा दुःख दूना' में अनुप्रास अलंकार है। (सही)
4. 'छाया मत छूना 'कविता में कवि ने स्मृतियों को याद रखने के लिए कहा। (गलत)
5. 'छाया' शब्द पुरानी स्मृतियों के लिए प्रयुक्त किया। (सही)

4. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न –

1. 'हर चन्द्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है। पंक्ति में क्या संदेश निहित है?

उ. हर सुख के पीछे दुःख छिपा होता है जैसे चांद के पीछे अमावस्या होती है।

2. 'जीवन में है सुरंग सुधियाँ सुहावनी' पंक्ति का भाव क्या है?

उ. जीवन में मधुर यादों की लम्बी श्रृंखला होती है।

3. गिरिजा कुमार माथुर ने सांसारिक समृद्धि को किन –किन गुणों को भ्रांति कहा है ?

उ. कवि ने रूप, यश , धन , वैभव , मान –सम्मान और प्रभुता को सांसारिक भ्रांति कहा है।

4. 'छाया मत छूना ' कविता में कवि का भावार्थ क्या हैं ?

उ. कविता में बीते मधुर क्षणों की यादें वर्तमान में दुःख ही देती है उनको छूना नहीं चाहिये।

5. 'कठिन यथार्थ के पूजन' पंक्ति के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता हैं ?

उ. जीवन के सुख –दुःख सामने है उन्हें सहर्ष एवं ससम्मान अपनाकर सुखपूर्वक जीवन जीना सीखो।

क्षितिज पाठ का नाम – ऋतुराज कन्यादान ( 8 )

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न :–1 कवि ऋतुराज का जन्म कहाँ पर हुआ ?

(क) जयपुर (ख) अलवर (ग) जोधपुर (घ) भरतपुर (घ)

प्रश्न :–2 कवि नें अन्तिम पूँजी किसे बताया था?

(क) माँ को (ख) लड़की को (ग) स्त्री – जीवन को (घ) आग को (ख)

प्रश्न :–3 कितना प्रामाणिक था उसका दुःख इस पंक्ति में कवि ने माँ के दुःख को माना है–

(क) दिखावा (ख) अनुचित (ग) वास्तविक (घ) औपचारिक (ग)

प्रश्न :–4 दुःख बाँचना किसे नहीं आता था ?

(क) लड़की को (ख) माँ को (ग) समाज को (घ) आभूषणों को (क)

प्रश्न :–5 ऋतुराज के अब तक प्रकाशित काव्य संग्रहों में कौनसा काव्य संग्रह नहीं है–

(क) पुलपर पानी (ख) एक मरण धर्मा और अन्य (ग) सूरत–निरत (घ) भीतरी नदी की यात्रा (घ)

रिक्त स्थान की पूर्ति करो

प्रश्न :–6 कवि ऋतुराज का जन्म सन्.....................................में हुआ था। (1940)

प्रश्न :–7 माँ अपनी अन्तिम पूँजी ...............................................को समझ रही थी।(बेटी)

प्रश्न :–8 वस्त्र और आभूषण स्त्री–जीवन के........................... है।(बंधन)

प्रश्न :–9 ऋतुराज को मीरा पुरस्कार तथा ..............................पुरस्कार मिल चुके है। (बिहारी)

प्रश्न :–10 माँ को .......................................................का पर्याप्त अनुभव है। (स्त्री जीवन)

सही और गलत लिखिए

प्रश्न :–11 ऋतुराज ने राजस्थान विश्व विद्यालय से हिन्दी में एम0ए0 किया।(गलत)

प्रश्न :–12 बेटी माँ के सबसे निकट और सुख–दुख की सहेली होती है।(सही)

प्रश्न :–13 इस कविता में स्त्री–जीवन के प्रति ऋतुराज की गहरी संवेदना अभिव्यक्त हुई है। ( सही)

प्रश्न :–14 दुःख बाँचना से आशय दुःख को पढ़ना है। (गलत)

प्रश्न :–15 ऋतुराज पहल सम्मान तथा परिमल सम्मान से सम्मानित हो चुके है।( सही)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्नः–

प्रश्न :–16 कवि ने स्त्री जीवन का बंधन किसे बताया है?

उत्तर :– कवि ने स्त्री जीवन का बंधन वस्त्र और आभूषण को बताया है।

प्रश्न :–17 कन्यादान कविता में किसका दुःख प्रामाणिक बताया है?

उत्तर :– प्रस्तुत कविता में माँ का दुःख प्रामाणिक अर्थात बहुत सच्चा और वास्तविक बताया है।

प्रश्न :–18 कन्यादान कविता में कवि ने किसके प्रति संवेदना व्यक्त की है?

उत्तर :– कन्यादान कविता में कवि ने स्त्री जीवन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

प्रश्न :–19 ''पाठिका थी वह धुँधले प्रकाश की' – इसमें धुँधले प्रकाश का क्या आशय है?

उत्तर :– इसमें धुँधले प्रकाश का आशय भावी जीवन में मिलने वाले सुखों की अस्पष्ट कल्पना से है।

प्रश्न :–20 माँ को अपनी बेटी अन्तिम पूँजी क्यों लग रही है?

उत्तर :– कन्यादान के बाद बेटी अपने ससुराल चली जाएगी पराई हो जायेगी ऐसी स्थिति में वह अकेली रह जाएगी , फिर वह अपने सुख–दुख किसके साथ बाँटेगी।

प्रश्न :–21 कन्यादान कविता का सन्देश क्या है?

उत्तर :– कन्यादान कविता का सन्देश नारी जागृति से सम्बधिंत है उसे नारी जैसी दुर्बलताओं के प्रति सचेत रहना चाहिए तभी वह शक्तिशाली बन सकती है।

## पाठ का नाम– नेताजी का चश्मा ( 10 )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –

1. लेखक स्वयं प्रकाश का जन्म सन्..................में हुआ।( 1947 ई. )
2. स्वयंप्रकाश का बचपन और नौकरी का बड़ा हिस्सा...................में बीता।( राजस्थान )
3. मूर्ति की ऑखों पर .............से बना छोटा–सा चश्मा रखा हुआ था।( सरकंडे )
4. क्या कैप्टन चश्मेवाला नेताजी का..................है।( साथी )
5. पानवाला................हो गया।( उदास )

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर "सही" या "गलतं" में दीजिए–

1. स्वयंप्रकाश वसुधा पत्रिका के संपादन से जुड़े है। ( सही )
2. वह एक काला मोटा और खुशमिजाज आदमी था। ( सही )
3. अब हालदार साहब को बात कुछ भी समझ में नही आई। ( गलत )
4. पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुंसा हुआ था।( सही )
5. लेकिन आदत से मजबूर ऑखे चौराहा आतेहत्र ही मुर्ति की तरफ उठ गई।( सही )

बहु विकल्पात्मक प्रश्न–

1. स्वयं प्रकाश के कितने कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं–
   (क)तेरह (ख)दस (ग)आठ (घ)पन्द्रह (क)
2. दिल्ली चलो और' 'तुम मुझे खुन दो मैं तम्हें आजादी दूंगा' यह नारा किसने दिया ?
   (क)महात्मा गांधी ने (ख)नेताजी सुभाष चन्द्र बोस ने
   (ग)सरदार भगत सिंह ने (घ)सरदार पटेल ने। (ख)
3. नगरपालिका ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की मूर्ति कहां लगवाई थी ?
   (क)मुख्य चौराहे (ख) मुख्य दरवाजे (ग) मुख्य तिराहे(घ) मुख्य गली में (क)

4 नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की मूर्ति बनाने वाले मास्टर कौन थे ?
   (क)भंवर लाल (ख) बाकी लाल(ग) मोती लाल(घ) हालदार साहब (ग)

5 नेताजी की मूर्ति के ठीक सामने जाकर अटेंशन में कौन खड़े हो गए थे ?
   (क)हालदार साहब (ख) कैप्टन(ग) मोती लाल(घ) पानवाला (क)

.अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

1. कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर चश्मा क्यों लगाता था ?
   उत्तर– कैप्टन नेताजी के प्रति सम्मान, आदर की भावना से चश्मा लगाता था।
2. हालदार साहब कैप्टन को देशभक्त क्यों जान रहे थे ?
   उत्तर–एक तो उसका नाम कैप्टन होना तथा मूर्ति पर सुविधानुसार चश्मा लगाया जाना,देश भक्ति को व्यक्त कर रहा था।
3. चश्मा लेखक की नजर में किसका प्रतीक है ?
   उत्तर– लेखक की नजर में चश्मा देशभक्तों को सम्मान देने एवं देशप्रेम का प्रतीक है।

4. लेखक स्वयंप्रकाश के किन्ही दो कहानी संग्रह के नाम बताइये?
उत्तर–सूरज कब निकलेगा,आदमी जात का आदमी दो कहानी संग्रह है।
5. मूर्ति निर्माण में नगरपालिका को देर क्यों लगी होगी ?
उत्तर–नगरपालिका को विचार–विमर्श एवं उपलब्ध धन की कमी के कारण देर लगी होगी।

## पाठ का नाम– बालगोबिन भगत ( 11 )

बहु विकल्पात्मक प्रश्न–

1. रामवृक्ष बेनीपूरी का जन्म कब हुआ था ?
(क)सन् 1899 ई. (ख) सन् 1999 ई.(ग) सन् 1890 ई. (घ) सन् 1990 ई.
उत्तर– (क)सन् 1899 ई.
2. रामवृक्ष बेनीपूरी का गद्य में विविध साहित्य किसमें प्रकाशित है–
(क)बेनीपूरी रचनावली में (ख)जनवाणी में
(ग) अंबपाली में (घ)तरुण भारत में
उत्तर–(क)बेनी पूरी रचनावली में ।
3. राम वृक्ष बेनीपूरी का जन्म किस राज्य में हुआ–
(क)उतरप्रदेश (ख)मध्यप्रदेश
(ग)बिहार में (घ) राजस्थान में
उत्तर–(ग)बिहार में।
4. बालगोबिन भगत अपने खेत की पैदावार को कहॉ ले जाते थे ?
(क)मंदिर में (ख)गुरु द्वारा में
(ग)कबीर पंथी मठ में (घ)राम द्वारा में
उत्तर–(ग)कबीर पंथी मठ में।
5. रामवृक्ष बेनीपूरी ने 'बालगोबिन भगत' हिन्दी की किस विधा पर लिखा है ?
(क)रेखाचित्र (ख) कहानी
(ग)संस्मरण (घ)नाटक
उत्तर–(क)रेखाचित्र।
6. रामवृक्ष बेनीपूरी की रचनाएॅ कितने वर्ष की अवस्था में पत्र–पत्रिकाओं में छपने लगी ?
(क)15 वर्ष की अवस्था में (ख)20 वर्ष की अवस्था में
(ग)25 वर्ष की अवस्था में (घ)30 वर्ष की अवस्था में
उत्तर–(क)15 वर्ष की अवस्था में ।

सही कथन के आगे सही एवं गलत कथन के आगे गलत लिखिए–

7. बालगोबिन भगत मॅझोले कद के गोरे –चिट्टे आदमी थे। (सही)
8. रामवृक्ष बेनीपूरी की मृत्यू सन् 1960 में हुई थी। (गलत)
9. आसाढ़ की रिमझिम है । समूचा गॉव खेतों में उतर पड़ा है। (सही)

10. बालगोबिन भगत की संगीत–साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा। (सही)

11. बालगोबिन भगत की मौत उन्ही के अनुरुप नहीं हुई। (गलत)

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें –

12. रामवृक्ष बेनीपूरी सन्......................में राष्ट्रीय स्वाधीनता आन्दोलन से सक्रिय रुप से जुड़ गये। ( सन् 1920ई.)

13. थोड़ी ही देर पहले मुसलाधार वर्षा............हुई। (खत्म)

14. कार्तिक आया नही कि बालगोबिन भगत की प्रभातियाँ................हुई। (शुरु)

15. सारा आँगन मृत्यु और संगीत से ................है। (ओतप्रोत)

16. रामवृक्ष बेनीपूरी के माता–पिता का निधन .......................में हो गया। (बचपन)

. अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न–

17. रामवृक्ष बेनीपूरी विशिष्ट शैलीकार होने के कारण किस नाम से जाने जाते थे ?
उत्तर– रामवृक्ष बेनीपूरी विशिष्ट शैलीकार होने के कारण उन्हें 'कलम का जादुगर' कहा जाता था।

18. बालगोबिन गृहस्थ थे, फिर उन्हें भगत क्यों कहा जाता था ?
उत्तर– बालगोबिन गृहस्थ संत थे। उनका आचरण,सोच और प्रवृति साधु–संतो जैसी थी।

19. लेखक के जीवन की कौनसी विशेषता प्रकट हुई है ?
उत्तर– कलाकारों तथा संत–स्वभाव के भक्तों का सम्मान करना और संगीत के प्रति गहरी रुचि रखना लेखक के जीवन की विशेषता है।

20. बालगोबिन भगत का आत्मसम्मान किस बात से प्रकट होता है ?
उत्तर–वे गृहस्थ संत थे इसलिए गंगा–स्नान से जाते–आते किसी से मांग कर नहीं खाते थे।

21. बालगोबिन की पुत्रवधु की चारित्रिक विशेषताएँ बताइये ?
उत्तर–उनकी पुत्रवधु सुन्दर, सुशील एवं प्रबन्धिका के गुणों से युक्त थी।

22. बालगोबिन भगत ने समाज की कौनसी दो महत्वपूर्ण मान्यताओं को चुनौती दी ?
उत्तर– भगतजी ने पतोहू के हाथों पुत्र को अग्नि दिलवाई तथा पतोहू के भाई को कह कर विधवा विवाह करने को कहा।

## पाठ का नाम– लखनवी अन्दाज ( 12 )

**निम्न प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उसका क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखें –**

प्र. 1 यशपाल का जन्म कब हुआ था ?
(अ) सन् 1903 ई. (ब) सन् 1904 ई.
(स) सन् 1905 ई. (द) इनमें से कोई नहीं (अ)

प्र. 2 'झूठा सच' उपन्यास के लेखक हैं –

(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) मन्नू भण्डारी

(स) राही मासुम रज़ा (द) यशपाल (द)

प्र. 3 लखनवी अंदाज पाठ किस विधा में लिखा गया ?

(अ) व्यंग्य लेख (ब) कहानी

(स) निबंध (द) रिपोर्ताज (अ)

प्र. 4 नवाब साहब ने खाने के लिए क्या खरीदा ?

(अ) समोसा (ब) खीरा ककड़ी

(स) चने (द) केले (ब)

प्र. 5 यशपाल का जन्म कहाँ हुआ ?

(अ) फीरोजपुर छावनी (ब) नसीराबाद छावनी

(स) नीमच छावनी (द) एरिनपुरा छावनी (अ)

प्र. 6 'लखनवी अंदाज' पाठ के लेखक कौन है ?

(अ) हजारी प्रसाद (ब) मन्नू भंडारी

(स) जयशंकर प्रसाद (द) यशपाल (द)

प्र. 7 निम्न में से कौनसा कथन गलत है –

(अ) दादा कामरेड के रचयिता यशपाल हैं।

(ब) 'लखनवी अंदाज' पाठ के लेखक यशपाल हैं।

(स) यशपाल ने पतनशील सामंती वर्ग पर कटाक्ष किया हैं।

(द) इनमें से कोई गलत नहीं हैं। (द)

**निम्न प्रश्नों के रिक्त स्थानों की पूर्ति करें –**

प्र. 8 यशपाल की मृत्यु सन्................................ में हुई। (1976)

प्र. 9 यशपाल का ................ नामक उपन्यास भारत विभाजन की त्रासदी से संबंधित हैं।(झूठा सच)

प्र. 10 दादा कामरेड उपन्यास के लेखक ................................. हैं। (यशपाल)

प्र. 11 लेखक ने ............................ क्लास का टिकट लिया । (सेकंड)

**निम्न प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए –**

प्र. 12 लखनवी अंदाज पाठ के लेखक कौन हैं ?

उत्तर. लखनवी अंदाज पाठ के लेखक यशपाल हैं।

प्र. 13 लखनवी अंदाज पाठ की साहित्यिक विधा क्या हैं ?

उत्तर. लखनवी अंदाज की विधा व्यंग्य हैं।

प्र. 14 'झूठा सच' उपन्यास किस घटना पर आधारित है ?

उत्तर. 'झूठा सच' उपन्यास भारत विभाजन की त्रासदी पर आधारित हैं।

प्र. 15 लखनवी अंदाज पाठ का मूल उद्देश्य क्या है ?

उत्तर. इस पाठ का मूल उद्देश्य बनावटी जीवन शैली पर कटाक्ष करना हैं।
प्र. 16 यशपाल का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
उत्तर. यशपाल का जन्म सन् 1903 में फीरोजपुर छावनी, पंजाब में हुआ।
प्र. 17 लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट ही क्यों लिया ?
उत्तर. लेखक ने नई कहानी के बारे में सोचने के लिए तथा खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देखने के लिए सेकंड क्लास का टिकट लिया ।
प्र. 18 यशपाल का जेल में किससे परिचय हुआ ?
उत्तर. जेल में उनका परिचय भगत सिंह और सुखदेव से हुआ।
प्र. 19 लेखक यशपाल किस धारा से जुड़ाव के कारण जेल गए ?
उत्तर. वे स्वाधीनता संग्राम की क्रांतिकारी धारा से जुड़ाव के कारण जेल गए।
प्र. 20 यशपाल द्वारा लिखित किन्हीं दो कहानी – संग्रहों के नाम लिखों ।
उत्तर. 'ज्ञानदीप' तथा 'पिंजरे की उड़ान' ।

## पाठ का नाम– एक कहानी यह भी ( 14 )

**निम्न प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उसका क्रमाक्षर कोष्ठक में लिखें –**

प्र. 1 मन्नू भंडारी का जन्म कब हुआ ?
(अ) 1931 ई. (ब) 1932 ई.
(स) 1933 ई. (द) 1934 ई. (अ)

प्र. 2 'महाभोज' उपन्यास के रचयिता कौन हैं ?
(अ) निराला (ब) जयशंकर प्रसाद
(स) मन्नू भंडारी (द) कोई नहीं (स)

प्र. 3 मन्नू भंडारी का जन्म कहाँ हुआ ?
(अ) मंदसौर, मध्यप्रदेश (ब) इटावा, उत्तरप्रदेश
(स) जयपुर, राजस्थान (द) इन्दौर, मध्यप्रदेश (अ)

प्र. 4 मन्नू भंडारी का बचपन का नाम था –
(अ) महीमा देवी (ब) महेन्द्र कुमारी
(स) मानसी (द) मणिकर्णिका (ब)

प्र. 5 मन्नू भंडारी की मृत्यु कब हुई ?
(अ) 15 नवंबर 2021 (ब) 15 जुलाई 2021
(स) 20 अक्टूबर 2021 (द) 26 जनवरी 2021 (अ)

प्र. 6 'त्रिशंकु' कहानी के रचनाकार है –
(अ) यशपाल (ब) जयशंकर प्रसाद
(स) महावीर प्रसाद (द) मन्नू भंडारी (द)

**निम्न प्रश्नों के रिक्त स्थानों की पूर्ति करें –**

प्र. 7 'एक कहानी यह भी' की साहित्यिक विधा ............. हैं । (आत्मकथा)

प्र. 8 लेखिका के पिता रसोईघर को ..................... कहते थे। (भटियारखाना)

प्र. 9 बड़ी बहन की शादी के समय लेखिका की उम्र ........................ साल थी। (सात)

प्र.10 लेखिका की बड़ी बहन सुशीला शादी करके ............................. चली गई। (कोलकाता)

प्र.11 निम्न में से कौनसा कथन गलत है –

(अ) महाभोज एक उपन्यास है।

(ब) मन्नू भंडारी ने सन् 1945 में दसवीं पास की ।

(स) मन्नू भंडारी की शादी राजेन्द्र के साथ हुई।

(द) 'झरना' काव्य संग्रह की रचना मन्नू भंडारी ने की । (द)

प्र.12 निम्न में से कौनसा कथन सही है –

(अ) 'मैं हार गई' की लेखिका मन्नू भंडारी है।

(ब) मन्नू भंडारी का जन्म भानपुरा में हुआ।

(स) मन्नू भंडारी का देहान्त वर्ष 2021 में हुआ।

(द) उक्त सभी कथन सही है। (द)

प्र.13 मन्नू भंडारी के बारे में कौनसा कथन गलत है –

(अ) इनका जन्म सन् 1931 में भानपुरा में हुआ ।

(ब) आपका बंटी इनका उपन्यास हैं।

(स) इनकी कॉलेज प्राध्यापिका मीना अग्रवाल थी।

(द) इनकी इंटर तक की शिक्षा–दीक्षा अजमेर में हुई। (स)

**निम्न प्रश्नों के उत्तर एक पंक्ति में दीजिए –**

प्र.14 मन्नू भंडारी का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

उत्तर. मन्नू भंडारी का जन्म सन् 1931 में भानपुरा, मंदसौर, मध्यप्रदेश में हुआ।

प्र.15 मन्नू भंडारी द्वारा लिखित उपन्यासों के नाम लिखों ।

उत्तर. 'आपका बंटी' तथा 'महाभोज' ।

प्र.16 कॉलेज की प्राध्यापिका का क्या नाम था ?

उत्तर. कॉलेज की प्राध्यापिका का नाम शीला अग्रवाल था।

प्र.17 लेखिका के पिताजी किस कारण से अजमेर आ गए ?

उत्तर. एक बहुत बड़े आर्थिक नुकसान के कारण लेखिका के पिताजी इंदौर से अजमेर आ गए ।

प्र.18 लेखिका के कुल कितने भाई – बहन थे ?

उत्तर. लेखिका के कुल पाँच भाई–बहन थे।

प्र.19 लेखिका के परिवार में शादी की योग्यता क्या थी ?

उत्तर. शादी की योग्यता थी – उम्र सोलह वर्ष तथा शिक्षा में मैट्रिक पास।

प्र.20 मन्नू भंडारी के पति का क्या नाम था ?

उत्तर. मन्नू भंडारी के पति का नाम राजेन्द्र था।

## पाठ का नाम– नौबतखाने में इबादत (16)

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न :–1 यतीन्द्र मिश्र द्वारा लिखित 'नौबतखने में इबादत' है–
(अ) रेखाचित्र (ब) संस्मरण (स) व्यक्ति चित्र (द) जीवनी (स)

प्रश्न :–2 बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा किसके प्रति अपार थी?
(अ) सोमनाथ (ब) काशी विश्वनाथ (स) वैजनाथ (द) नागेश्वर (ब)

प्रश्न :–3 बिस्मिल्ला खाँ द्वारा बजाया जाने वाला वाद्य है।
(अ) मुरली (ब) श्रृंगी (स) वंशी (द) शहनाई (द)

प्रश्न :–4 नौबत खाने में इबादत पाठ में लेखक ने कौन – सी भाषा का प्रयोग किया है?
(अ) अरबी (ब) हिन्दी उर्दू मिश्रित (स) फारसी (द) उर्दू (ब)

प्रश्न :–5 यतीन्द्र मिश्र की मृत्यु कब हुई ?
(अ) 21 अगस्त 2006 (ब) 12 जुलाई 2006 (स) 21 जुलाई 2006 (द) 17 मई 2006
(अ)

रिक्त स्थान की पूर्ति करो–

प्रश्न :–6 यतीन्द्र मिश्र का जन्म सन् ..........................................में अयोध्या में हुआ । (1977)

प्रश्न :–7 बिस्मिल्ला खाँ साहब के बचपन का नाम ............................................था। (अमीरुद्दीन)

प्रश्न :–8 शहनाई बजाने के लिए ...................................................का प्रयोग होता है।(रीड)

प्रश्न :–9 बिस्मिल्ला खाँ और शहनाई के साथ एक मुस्लिम पर्व ...............................का नाम जुड़ा हुआ है। (मुर्हरम)

प्रश्न :–10 बिस्मिल्ला खाँ भारत की .................................................के महान प्रतीक बन गये थे।
(हिन्दू–मुस्लिम संस्कृति)

सही / गलत बताइये –

प्रश्न :–11 काशी विश्वनाथ का एक और नाम आनन्द–कानन भी है। (सही)

प्रश्न :–12 बिस्मिल्ला खाँ को संगीत की आरम्भिक प्रेरणा सादिक हुसैन से मिली । (गलत)

प्रश्न :–13 बिस्मिल्ला खाँ को भारत रत्न तथा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।(सही)

प्रश्न :–14 बिस्मिल्ला खाँ ने काशी को हिन्दू मुस्लिम एकता की मूल्यवान संस्कृति दी।(सही)

प्रश्न :–15 बिस्मिल्ला खाँ की धार्मिक दृष्टि उदार तथा समन्वय वादी नहीं थी। (गलत)

अतिलघूतरात्मक प्रश्न –

प्रश्न :–16 नौबतखाने में इबादत से क्या तात्पर्य है?

उत्तर :– नौबतखाना प्रवेश द्वार पर शहनाई द्वारा बजाये जाने वाले स्थान को कहते है। शहनाई वादन के साथ ईश्वर की प्रार्थना करना इबादत कहलाती है।

प्रश्न :–17 डुमराँव गाँव इतिहास में किन कारणों से प्रसिद्ध है?

उत्तर :– अमीरुद्दीन (खाँ साहब ) के जन्म के कारण तथा शहनाई में प्रयुक्त होने वाली घास के उत्पन्न होने के कारण डुमराँव गाँव इतिहास में प्रसिद्ध है।

प्रश्न :–18 यतीन्द्र मिश्र के काव्य संग्रहों के नाम बताइये।

उत्तर :– यदा–कदा, अयोध्या तथा अन्य कविताएँ, ड्योढ़ी पर अलाप

प्रश्न :–19 काशी की किस प्रवृति को देखकर खाँ साहब दुखी होते थे?

उत्तर :– बदलते समयानुसार संगीत, साहित्य और अदब की बहुत सारी परंपराएँ लुप्त होने की वजह से खाँ साहब दुःखी होते थे।

प्रश्न :–20 नौबत खाने में इबादत पाठ हमें क्या सन्देश देता है?

उत्तर :– यह पाठ हमें धार्मिक सहिष्णुता, सभी धर्मो के प्रति श्रद्धा, कला एवं कलाकार का सम्मान, ईश्वर के प्रति आस्था तथा सरल एवं सादगीपूर्ण जीवन का सन्देश देता है।

## व्यावहारिक व्याकरण

(I) पद भेद – संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय

(II) उपसर्ग एवं प्रत्यय

बहुविकल्पात्मक प्रश्न :–

प्रश्न :–1 व्याकरण के नियमों के अनुसार वाक्य में प्रयोग करने की योग्यता जिस शब्द को प्रदान करती है, उसे कहते है–

(क) पद (ख) संज्ञा (ग) सर्वनाम (घ) विशेषण (क) पद

प्रश्न :–2 सुरेश ने कहा ''मनोज अब बूढ़ा हो चुका है''। वाक्य में भाव–वाचक संज्ञा है–

(क) मनोज (ख) बूढ़ा (ग) अब (घ) सुरेश (ख) बूढ़ा

प्रश्न :–3 ''<u>जिसकी</u> लाठी <u>उसकी</u> भैंस'' वाक्य में रेखांकित शब्दों में सर्वनाम है–

(क) पुरुष वाचक (ख) निज वाचक (ग) प्रश्नवाचक (घ) सम्बन्ध वाचक

(क) पुरुष वाचक

प्रश्न :–4 आदर शब्द से विशेषण बनेगा –

(क) आदरकारी (ख) आदरपूर्वक (ग) आदरणीय (घ) आदरयुक्त

(ग) आदरणीय

प्रश्न :–5 कर्म के आधार पर क्रिया के भेद होते है–

(क) तीन (ख) दो (ग) चार (घ) पाँच (ख) दो

प्रश्न :–6 जिस शब्द में लिंग, वचन, कारक आदि के कारण रुप परिवर्तन नहीं होता उसे कहते है–

(क) संज्ञा (ख) क्रिया (ग) अव्यय (घ) सर्वनाम (ग) अव्यय

प्रश्न :–7 'प्रति' उपसर्ग से कौन–सा शब्द बना है?

(क) प्रत्यन (ख) प्रबल (ग) प्रत्यक्ष (घ) पराजय (ग)प्रत्यक्ष

प्रश्न :–8 'इन' प्रत्यय जुड़ने से बना हुआ शब्द है–

(क) मानिनी (ख) चिन्तन (ग) लुहारिन (ग) सुहावन (ग) लुहारिन

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

प्रश्न :—1 गंगा.................... संज्ञा है। (जातिवाचक / व्यक्तिवाचक) (व्यक्तिवाचक)

प्रश्न :—2 मैं कल तक ...............पुस्तक वापस कर दूँगा। ( तू/ तुम्हे ) (तुम्हे )

प्रश्न :—3 भगवान बड़े .............है, सब पर कृपा करते है। (दयालु / कठोर) (दयालु)

प्रश्न :—4 'घोड़ा दौड़ता है' वाक्य में क्रिया.......... है। (सकर्मक / अकर्मक) (अकर्मक)

प्रश्न :—5 'पराक्रम' शब्द में 'परा' शब्द ..................है। (उपसर्ग / प्रत्यय) (उपसर्ग)

प्रश्न :—6 सामाजिक शब्द में 'इक' शब्द ...............है। (उपसर्ग / प्रत्यय) (प्रत्यय)

सही कथन के आगे सही और गलत कथन के आगे गलत लिखिए :—

प्रश्न :—1 पद के दो भेद होते है। (1) विकारी (2) अविकारी (सही)

प्रश्न :—2 जिस संज्ञा से किसी एक जाति एक वर्ग की सभी वस्तुओं का बोध होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते है। (सही)

प्रश्न :—3 सर्वनाम के आठ प्रकार होते है। (गलत)

प्रश्न :—4 विशेषण क्रिया की विशेषता बताता है। (गलत)

प्रश्न :—5 जिन क्रियाओं को कर्म की अपेक्षा होती है, उन्हे 'सकर्मक' क्रिया कहते है। (सही)

प्रश्न :—6 जो शब्दांश शब्द के आरम्भ में जुड़कर उसके अर्थ में परिवर्तन कर देते है, वे उपसर्ग कहलाते है। (सही)

प्रश्न :—7 वे शब्दांश जो शब्द के अन्त में जुड़कर अर्थ में परिवर्तन लाते है, प्रत्यय कहलाते है। (सही)

अतिलघूरात्मक प्रश्न :—

प्रश्न :—1 उत्पत्ति के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते है?

उत्तर :— उत्पत्ति के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते है।
(1) तत्सम (2) तद्भव (3) देशज (4) विदेशी ।

प्रश्न :—2 व्यक्तिवाचक संज्ञा किसे कहते है?

उत्तर :— जिस शब्द से किसी एक ही व्यक्ति,स्थान अथवा वस्तु का बोध हो, उसे व्यक्ति वाचक संज्ञा कहते है।जैसे —राम, कृष्ण, मथुरा,हिमालय,गंगा,रामायण,गीता आदि।

प्रश्न :—3 प्रश्नवाचक सर्वनाम किसे कहते है?

उत्तर :— प्रश्न का बोध करानेवाले सर्वनाम को प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते है।
जैसे — क्या आप विद्यालय जाएंगे?

प्रश्न :—4 विशेषण किसे कहते है?

उत्तर :— संज्ञा व सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते है।
जैसे — नीला आकाश, छोटी लड़की।

प्रश्न :—5 काल के अनुसार क्रिया कितने प्रकार की होती है?

उत्तर :— काल के अनुसार क्रिया तीन प्रकार की होती है।
1. वर्तमान काल 2. भूतकाल 3. भविष्यकाल

प्रश्न :—6 क्रिया विशेषण किसे कहते है?

उत्तर :– वे अविकारी शब्द जो वाक्य में क्रिया सम्बन्धी विशेषता बताते है, क्रिया विशेषण कहलाते है। जैसे – राम धीरे–धीरे चलता है।

प्रश्न :–7 'दुर' उपसर्ग लगाकर ऐसा शब्द बनाइए जिसका अर्थ 'जहाँ जाना कठिन हो' हो।

उत्तर :– दुर्गम।

प्रश्न :–8 'इक' प्रत्यय से बनने वाले चार शब्द बनाइये।

उत्तर :– सामाजिक, धार्मिक, ऐतिहासिक, लौकिक

## व्यावहारिक व्याकरण( संधि, समास, मुहावरे और लोकोक्तियां)

प्रश्न –1. संधि किसे कहते हैं?

उत्तर– दो या दो से अधिक वर्णों ( ध्वनियों या अक्षरों )के मेल को संधि कहते हैं।

प्रश्न –2. संधि कितने प्रकार की होती है? नाम लिखिए।

उत्तर– संधि तीन प्रकार की होती है १स्वर संधि २ व्यंजन संधि ३विसर्ग संधि ।

प्रश्न –3. स्वर संधि किसे कहते हैं?

उत्तर– जब दो स्वरों का मेल होकर एक नया स्वर बनता है तब उसे स्वर संधि कहते हैं।

प्रश्न –4.व्यंजन संधि किसे कहते हैं?

उत्तर– व्यंजन का स्वर से या व्यंजन से योग होने को व्यंजन संधि कहते हैं।

प्रश्न –5. विसर्ग संधि किसे कहते है?

उत्तर –जहां पर विसर्ग(:)का लोप हो जाता है, अथवा विसर्ग के स्थान पर नया वर्ण आ जाता है ,उसे विसर्ग संधि कहते हैं।

प्रश्न –6. संधि विच्छेद कीजिए।

(a) उज्ज्वल – उत् + ज्वल (b) 'रामायण–राम् + अयन (c) इत्यादि– इति् + आदि

(d) सुरेंद्र – सुर् + इन्द्र (e) दिक्+ अम्बर–दिगम्बर (e) भवन –भो् + अन

(f) मनोबल– मनः + बल

प्रश्न –11. निम्नलिखित में संधि कीजिए और उसका नाम भी बताइए –

(a)सर्व् + उदय – सर्वोदय (गुण संधि )

(b) जगत् + नाथ – जगन्नाथ, (व्यंजन संधि )

(c) सु + आगत – स्वागत – (यण संधि)

प्रश्न –16. संधि विच्छेद कीजिए।

उत्तर– (a) स्वच्छ – सु् + अच्छ (b) उदय – उत् + अय

(c) आशीर्वाद – आशीः + वाद

प्रश्न –19. निम्न शब्दों की संधि कीजिए।

(a) मनः + हर – मनोहर (b) गै + अक – गायक

## समास

प्रश्न –1. समास किसे कहते हैं?

उत्तर– दो या दो से अधिक शब्दों( पदों) के परस्पर संयोग से बनने वाले नये शब्द को समास कहते हैं।

प्रश्न –2. समास कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम भी लिखिए।

उत्तर– समास के छः प्रकार होते हैं।

1. अव्ययीभाव समास 2. तत्पुरुष समास 3. कर्मधारय समास 4. द्विगु समास
5. द्वंद्व समास 6. बहुव्रीहि समास

प्रश्न –3. कर्मधारय समास की परिभाषा और उदाहरण लिखिए।

उत्तर– जिस समास में पहला पद विशेष तथा दूसरा पद विशेष्य होता है वह कर्मधारय समास कहलाता है जैसे– नीला + कमल–नीलकमल।

प्रश्न –4. द्विगु समास की परिभाषा तथा उदाहरण लिखिए।

उत्तर– जिस समास में पहला पद संख्या वाचक होता है, वह द्विगु समास होता है जैसे सप्तर्षि।

प्रश्न –5. द्वंद्व समास की परिभाषा तथा उसका एक उदाहरण लिखिए।

उत्तर– जिस समस्त पद में दोनों पद प्रधान हों उनके बीच के 'और' शब्द का लोप हो गया हो, उसे द्वंद्व समास कहते हैं। यथा– दिन–रात=दिन और रात।

प्रश्न –6. बहुव्रीहि समास की परिभाषा लिखिए और एक उदाहरण दीजिए।

उत्तर– जिस समास का कोई पद प्रधान न हो और समस्त पद मिलकर कोई विशेष अर्थ प्रकट करें, उसे बहुव्रीहि समास कहते हैं। जैसे– चतुर्भुज।

प्रश्न –7. अव्ययीभाव समास की परिभाषा उदाहरण सहित समझाइए।

उत्तर– जिस समास का पहला पद अव्यय हो वह अव्ययीभाव समास कहलाता है। जैसे – रातों–रात = रात ही रात में।

प्रश्न –8. तत्पुरुष समास में कौन सा पद प्रधान होता है?

उत्तर– तत्पुरुष समास में द्वितीय पद प्रधान होता है।

प्रश्न –9. दोनों पद किस समास में प्रधान होते हैं?

उत्तर– दोनों पद द्वन्द्व समास में प्रधान होते हैं।

प्रश्न –10. कर्मधारय समास के दोनों पदों में क्या संबंध होता है?

उत्तर– कर्मधारय समास में पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य होता है।

प्रश्न –11. निम्नलिखित समास विग्रह का समस्त पद और समास का नाम लिखिए–

उत्तर– (i)आज्ञा का पालन करने वाला –

(a) समस्त पद– आज्ञापालक (b)समास–तत्पुरुष

(ii)घोड़े पर सवार –

(a)समस्त पद–घुड़सवार (b)समास–तत्पुरुष

(iii) नीला है जो नभ –

(a)समस्त पद–नीलनभ (b)समास–कर्मधारय

(iv) इच्छा के अनुसार –

(a)समस्त पद – इच्छानुसार (b)समास–अव्ययीभाव

(v) घर और बाहर

(a)समस्त पद–घर–बाहर (b)समास–द्वन्द्व

18. निम्नलिखित समस्त पद का विग्रह कर समास का नाम लिखिए–

(i) राजाज्ञा

(a)विग्रह–राजा की आज्ञा (b)समास–तत्पुरुष

(ii) नवगीत

(a)विग्रह–नया है गीत जो (b)समास–कर्मधारय

(iii) यथायोग्य

(a)विग्रह–योग्यता के अनुसार (b)समास–अव्ययीभाव

(iv) घी–शक्कर

(a)विग्रह–घी और शक्कर (b)समास–द्वंद्व

(v) अल्पाहारी

(a)विग्रह–अल्प आहार करने वाला है जो(b)समास–बहुव्रीहि

मुहावरे और लोकोक्तियां

प्रश्न –1.'नौ दो ग्यारह होना 'मुहावरे का अर्थ बताइए–

उत्तर– भाग जाना

प्रश्न –2.'दांत पीसना' मुहावरे का अर्थ बताइए–

उत्तर– बहुत ज्यादा गुस्सा करना।

प्रश्न –3.'आंख का तारा' मुहावरे का अर्थ व वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– 'आंख का तारा' मुहावरे का अर्थ – बहुत प्यारा।

वाक्य प्रयोग–आज्ञाकारी बच्चा मां–बाप की आंखों का तारा होता है।

प्रश्न –4.'अंगारे बरसना' मुहावरे का अर्थ व वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–अत्यधिक गर्मी पड़ना।

वाक्य प्रयोग–जून मास की दोपहरी में अंगारे बरसते प्रतीत होते हैं।

प्रश्न –5.'अकल का अंधा' मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–मूर्ख

वाक्य प्रयोग–वह लड़का तो अक्ल का अंधा है,उसे कितना ही समझाओ,मानता ही नहीं है।

प्रश्न –6.'अधजल गगरी छलकत जाए' मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–अज्ञानी पुरुष अपने ज्ञान की शेखी बघारते हैं।

वाक्य प्रयोग– आठवीं फेल गीता अपनी विद्वत्ता की बड़ी–बड़ी बातें करती हैं आखिर करें भी क्यों नहीं, अधजल गगरी छलकत जाए।

प्रश्न –7.'ऊंट के मुंह में जीरा' मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–बहुत कम मात्रा में कोई वस्तु देना।

वाक्य प्रयोग–मोहन प्रतिदिन 10 रोटियां खाता है, उसे दो रोटियां देना तो ऊंट के मुंह में जीरा देने के समान है।

प्रश्न –8 'एक और एक ग्यारह होना' मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–एकता में शक्ति होना।

वाक्य प्रयोग–उन को कमजोर मत समझो, आवश्यकता पड़ने पर वह एक और एक ग्यारह हो जाते हैं।

प्रश्न –9.'खाक में मिलाना 'मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–नष्ट करना।

वाक्य प्रयोग–अयोग्य संतान अपने पिता की इज्जत को तनिक सी देर में खाक में मिला देती है।

प्रश्न –10. 'टेढ़ी खीर' मुहावरे का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–कठिन कार्य।

वाक्य प्रयोग–परीक्षा में प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त करना टेढ़ी खीर है।

प्रश्न –11. 'अंधी पीसे कुत्ता खाए' कहावत का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–कमाए कोई और खाए कोई ।

वाक्य प्रयोग–इस देश में जी–तोड परिश्रम करते हैं मजदूर और मौज उड़ाते हैं निठल्ले पूंजीपति। सच है– अंधी पीसे कुत्ता खाए।

प्रश्न –12. 'एक अनार सौ बीमार' कहावत का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–वस्तु एक चाहने वाले अनेक ।

वाक्य प्रयोग–जब से स्कूल में अध्यापक पद के लिए नौकरी का विज्ञापन दिया है, सैकड़ों फोन आ चुके हैं।एक अनार सौ बीमार। किसे रखें, किसे ना रखें?

प्रश्न –13. 'एक म्यान में दो तलवार नहीं समा सकती' इस कहावत का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–एक वस्तु के दो समान अधिकारी नहीं हो सकते।

वाक्य प्रयोग–इस घर में या तुम्हारी पत्नी रहेगी या तुम्हारी सौतन। कान खोल कर सुन लो–एक म्यान में दो तलवार नहीं समा सकती।

प्रश्न –14. 'कंगाली में आटा गीला होना' कहावत का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–परेशानी पर और परेशानी आना ।

वाक्य प्रयोग–मैं पहले ही बीमार था, अब नौकरी भी छूट गई।भाई कंगाली में आटा गीला होता ही है ।

प्रश्न –15. 'काला अक्षर भैंस बराबर' कहावत का अर्थ और वाक्य प्रयोग बताइए।

उत्तर– अर्थ–बिल्कुल अनपढ़।

वाक्य प्रयोग–रामी देवी ने स्कूल का मुंह तक नहीं देखा। उसके लिए काला अक्षर भैंस बराबर है।

प्रश्न –16. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें–

(i) खोदा पहाड़ निकली.........। ( चुहिया)

(ii)काठ की ......बार–बार नहीं चढ़ती। (हाण्डी)

(iii)का बरखा जब ....... सुखाने। (कृषि)

(iv)छछूंदर के सिर में .......का तेल। (चमेली)

(v)बोया पेड़ ........ का आम कहां से खाए।(बबूल)

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान,अजमेर

## मॉडल प्रश्न पत्र माध्यमिक परीक्षा 2022

## विषय – हिन्दी

कक्षा – 10

समयः 2 घण्टे 45 मिनट पूर्णांक –80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
5. प्रश्न क्रमांक 15 से 23 तक में आन्तरिक विकल्प है।

खण्ड – अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों का उत्तर लिखिए – 5x1=5

अनुशासन ही वह कुंजी है; जिससे हम जीवन का विकास कर पाते हैं तथा सफलता के अनेक चरण छूते हैं। यदि हम देखें तो समूची प्रकृति भी एक अनुशासन में बंधी हुई है। सूर्य का नित्य प्रति एक ही दिशा में उगना तथा उसी तरह अस्त होना अनुशासन के ही प्रमाण हैं। चंद्रमा, तारे, बादल, सबका अपना अनुशासन है। जब किसी का अनुशासन भंग होता है तब कुछ अप्रतीक्षित तथा विध्वंसकारी घटनाएँ घटित होती हैं। समुद्र में ज्वार–भाटा आने पर भी समुद्र मर्यादित रहता है। एक निश्चित गति से पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाना या अनेक उपग्रहों का अपनी गति से गतिमान रहना उनके अनुशासन का ही परिचायक है। ठीक इसी प्रकार विद्यार्थी के जीवन में भी अनुशासन का अत्यधिक महत्त्व है। विद्यार्थी–जीवन व्यक्ति के सघन साधना का काल है जिसमें वह स्वयं का शारीरिक, मानसिक तथा रचनात्मक निर्माण करता है।

अनुशासन दो प्रकार का होता है– पहला– आत्मानुशासन दूसरा– बाह्मानुशासन। आत्मानुशासन की प्रेरणा विद्यार्थी के जीवन निर्माण की पहली सीढ़ी है। दूसरी ओर बाह्मानुशासन स्वयं के अलावा किसी दूसरे व्यक्ति के दबाव होने तथा उसके अधिकारों के कारण माना जाने वाला अनुशासन है। चूँकि विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने की अवस्था में बालक का निर्माण सीखने की प्रक्रिया में होता है। इसलिए इस अवस्था में जो वह सीखता है, वे उसके जीवन के स्थाई मूल्य बन जाते हैं।

1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक है– 1

(अ) अनुशासन (ब) अनुशासन के प्रकार

(स) अनुशासन का महत्त्व (द) विद्यार्थी जीवन मे अनुशासन का महत्त्व

2. अनुशासन कितने प्रकार का होता है ? 1

(अ) चार (ब) दो

(स) तीन (द) उपर्युक्त में से कोई नही

3. व्यक्ति के जीवन का सघन साधना का काल है – 1

(अ) बाल्यकाल (ब) वानप्रस्य काल

(स) विद्यार्थी जीवन (द) उपर्युक्त में से कोई नही
4. अनुशासन के प्रमाण है – 1
(अ) सूर्य का नित्यप्रति एक ही दिशा में उगना (ब) समुद्र में ज्वार भाटा आने पर भी मर्यादित रहना
(स) पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाना (द) उपर्युक्त सभी
5. व्यक्ति के जीवन में किसका गहरा महत्त्व है ? 1
(अ) प्राकृतिक घटनाओं का (ब) दूसरों के अधिकारों के कारण माने–जाने वाले अनुशासन का
(स) सीखने की प्रक्रिया का (द) अनुशासन का
निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5x1=5

वह स्वाधीन किसान रहा
अभिमान भरा आंखों में इसका
छोड़ उसे मंझधार आज
संसार कगार सदृश वह खिसका
लहराते वे खेत दृगों में
हुआ बेदखल वह अब जिनसे
हंसती थी उसके जीवन की
हरियाली जिनके तृन–तृन से
आंखों ही में घूमा करता
वह उसकी आंखों का तारा,
कारकुनों की लाठी से जो
गया जवानी ही में मारा !
बिना दवा–दर्पन के घरनी
स्वरग चली, आंखे आती भर,
देख–देख के बिना दुधमुंही
बिटिया दो दिन बाद गई मर
उजरी उसके सिवा किसे कब
पास दुहाने आने देती ?
अह, आंखों में नाचा करती
उजड़ गई जो सुख की खेती
पिछले सुख की स्मृति आंखों में
क्षणभर एक चमक है लाती
तुरंत शून्य में गड़ वह चितवन
तीखी नोक सदृश बन जाती।

6. उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक है :– 1
(अ) वे आंखें (ब) खेती
(स) किसान (द) शोषण
7. इस काव्यांश में किसकी पीड़ा का वर्णन है ? 1
(अ) मजदूर (ब) व्यापारी
(स) किसान (द) उपर्युक्त सभी का
8. 'कारकुन' का शाब्दिक अर्थ है :– 1
(अ) शोषक (ब) जमींदार का कार्मिक
(स) शोषित (द) राजा
9. 'आंखों' का तारा होना ' का तात्पर्य है :– 1
(अ) अत्यधिक प्रिय होना (ब) अत्यधिक बुरा लगना
(स) आंखों की चमक (द) उपर्युक्त में से कोई नही
10. काव्यांश में वर्णित पीड़ित वर्ग की आंखों में चमक कब आती है ? 1
(अ) शोषण से पूर्व की संपन्नता को याद करने पर (ब) अपनी प्रशंसा सुनकर
(स) व्यापारी द्वारा बुलाने पर (द) भविष्य में सपंन्न होने की कल्पना करने पर

11. 'माता का अँचल' कृति के रचनाकार है ?
(अ) शिवपूजन सहाय (ब) मधु कांकरिया 1
(स) कमलेश्वर (द) शिव प्रसाद मिश्र 'कद्र '
12. 'जार्ज पंचम की नाक' कहानी का उद्देश्य है :– 1
(अ) औपनिवेशक दौर की मानसिकता को चोट करना (ब) विदेशी आकर्षण की भर्त्सना करना
(स) व्यावसायिक पत्रकारिता का पर्दाफाश करना (द) उपर्युक्त सभी
2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :– 6x1=6
1. भाववाचक संज्ञा की रचना मुख्य. .................. प्रकार के शब्दों से होती है। 1

2. सर्वनाम .................... प्रकार के होते है। 1

3. शब्द जो किसी वस्तु, पदार्थ या जगह की मात्रा, तौल या माप का बोध कराते है वे ................. कहलाते है। 1

4. हिन्दी क्रिया पदों का मूल रूप ही ............................ है। 1

5. उपसर्ग शब्द के ....................................... जुड़कर शब्द का अर्थ बदल देते है। 1

6. वे प्रत्यय जो धातु अथवा क्रिया के अंत में लगकर नए शब्दों की रचना करते है उन्हें ................प्रत्यय कहते है। 1

3. निम्नलिखित अति लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए उत्तर सीमा लगभग 20 शब्द है। 12x1=12

1. संधि एवं संयोग में क्या अन्तर है ? 1

2. 'समास' शब्द की परिभाषा लिखिए। 1

3. तिल का ताड़ बनाना ' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1

4. ' आप भले तो जग भला ' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए 1

5. चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ? 1

6. एक कहानी यह भी ' रचना में मन्नू भण्डारी के साथ–साथ और किसका व्यक्तित्व उभरकर आया है ? 1

7. सुषिर–वाद्यों से क्या अभिप्राय है ? 1

8. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस–किस से की गई है ? 1

9. ' राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद ' रामचरितमानस के किस कांड से लिया गया है ? 1

10. ' उत्साह ' कविता में बादल किन–किन अर्थों की ओर संकेत करता है ? 1

11. 'माता का अँचल' पाठ के उन प्रसंगों के नाम लिखिए जो आपके दिल को छू गए हो ? 1

12. ' साना–साना हाथ जोड़ि...........'यात्रावृत्त में भारत के किस क्षेत्र की यात्रा का वर्णन है ? 1

## खण्ड – (ब)

निर्देश :– प्रश्न सं. 04 से 16 तक के लिए प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम उत्तर सीमा 40 शब्द है।
4. हालदार साहब को दूसरी बार देखने पर मूर्ति में क्या अतंर दिखाई दिया ? 2
5. बालगोबिन भगत किस प्रकार के व्यक्तियों को अधिक स्नेह का पात्र मानते थे और क्यों ? 2
6. लेखक ने सेकण्ड क्लास का रेल टिकट लेने का क्या कारण बताया है ? ' लखनवी अंदाज ' अध्याय के आधार पर लिखिए। 2
7. 'काशी' की क्या विशेषताऐं बताई गई है ? संक्षेप में लिखिए । 2
8. सूरदास जी ने उद्धव एवं कमल–पत्र में क्या समानता बताई है ? 2
9. ' दोहा ' नामक छंद के लक्षण लिखिए। 2
10. ' कन्यादान ' कविता में एक माँ अपनी बेटी को क्या सीख दे रही है ? संक्षेप में लिखिए। 2

11 ' अट नही रही है' कविता के आधार पर फाल्गुन ऋतु के सौन्दर्य को संक्षेप मे लिखिए। 2

12 '' महतारी के हाथ से खाने पर बच्चों का पेट भी भरता'' ऐसा क्यों कहा गया ? '' माता का 2 अँचल'' अध्याय के आधार पर संक्षेप में उत्तर लिखिए।

13. नयी दिल्ली का काया पलट क्यों किया जा रहा था ? '' जॉर्ज पंचम की नाक '' अध्याय के आधार पर संक्षेप में लिखिए। 2

14. नार्गे ने '' धर्मचक्र'' की क्या विशेषता बताई ? ''साना–साना हाथ जोड़ि'' अध्याय के आधार लिखिए। 2

15. '' मन्नू भण्डारी '' का जीवन व कृत्तित्व परिचय संक्षेप में लिखिए। 2

अथवा

रामवृक्ष बेनीपुरी का जीवन व कृत्तित्व परिचय संक्षेप में लिखिए। 2

16. जयशंकर प्रसाद का जीवन व कृत्तित्व परिचय संक्षेप में लिखिए। 2

अथवा

गिरिजा कुमार माथुर का जीवन व कृत्तित्व परिचय संक्षेप में लिखिए। 2

## खण्ड – स

17. निम्नांकित पठित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :– 1+2=3

(उत्तर – सीमा लगभग 60 शब्द)

काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्‌भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन–वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते हैं। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति अपार है। वे जब भी काशी से बाहर रहते है तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते हैं, थोड़ी देर ही सही मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा लिया जाता है.....................।

अथवा

होश सँभालने के बाद से ही जिन पिता जी से किसी–न–किसी बात पर हमेशा मेरी टक्कर ही चलती रही, वे तो न जाने कितने रूपों में मुझमें हैं ................................ कहीं कुंठाओं के रूप में, कहीं प्रतिक्रिया के रूप में तो कहीं प्रतिच्छाया के रूप में। केवल बाहरी भिन्नता के आधार पर अपनी परंपरा और पीढ़ियों को नकारने वालों को क्या सचमुच इस बात का बिल्कुल अहसास नहीं होता कि उनका आसन्न अतीत किस कदर उनके भीतर जड़ जमाएं बैठा रहता है? समय का प्रवाह भले ही हमें दूसरी दिशाओं में बहाकर ले जाए ............................ स्थितियों का दवाब भले ही हमारा रूप बदल दें, हमें पूरी तरह उससे मुक्त तो नहीं ही कर सकता ?

1+2=3

18. निम्नलिखित पठित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :– 1+2=3

(उत्तर – सीमा लगभग 60 शब्द)

कहउ लखन मुनि सील तुम्हारा। को नहि जान बिदित संसारा।।
माता पितहि उरिन भए नीकें। गुररिनु रहा सोचु बढ़ जी कें।।
सो जनु हमरेहि माथे काढ़ा। दिन चलि गये ब्याज बढ़ बाढ़ा।।
अब आनिअ ब्यवहरिआ बोली। तुरत देउँ मैं थैली खोली।।
सुनि कटु बचन कुठार सुधारा। हाय हाय सब सभा पुकारा।।
भृगुबर परसु देखाबहु मोही। विप्र बिचारि बचौं नृपद्रोही।।
मिले न कबहूँ सुमट रन गाढ़े। द्विज देवता धरहि के बाढ़े।।
अनुचित कहि सबु लोगु पुकारे। रघुपति सयनहिं लखनु नेवारे।।
लखन उतर आहुति सरिस भृगुबर कोपु कृसानु।
बढ़त देखि जल सम बचन बोले रघुकुल भानु।।

अथवा

एक के नहीं,
दो के नहीं,
ढेर सारी नदियों के पानी का जादू,
एक के नहीं,

दो के नहीं,
लाख–लाख कोटि–कोटि हाथों के स्पर्श की गरिमा,
एक के नहीं,
दो के नहीं,
हज़ार–हज़ार खेतों की मिट्‌टी का गुण धर्म :
फसल क्या है ?
और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है वह
हाथों के स्पर्श की महिमा है
भूरी–काली–संदली मिट्‌टी का गुण–धर्म हैं
रूपांतर है सूरज की किरणों का
सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का !

19. बालगोविन भगत को साधु क्यों कहा गया है ? विस्तार से वर्णन कीजिए। 3
(उत्तर सीमा लगभग 60 शब्द)

अथवा

नवाब साहिब ने अपने खानदानी रईस होने का भाव किस प्रकार प्रकट किया ? 3
'लखनवी अंदाज' व्यंग्य लेख के आधार पर लिखिए।
(उत्तर सीमा लगभग 60 शब्द)

20. गोपियों के द्वारा 'हमारैं हरि हारिल की लकड़ी', कहने का क्या तात्पर्य है ? 3
(उत्तर सीमा लगभग 60 शब्द)

अथवा

'उत्साह' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। 3
(उत्तर सीमा लगभग 60 शब्द)

## खण्ड – 'द'

प्रश्न–21 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 300–350 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध 4
लिखिए।

(अ) राष्ट्रीय एकता
(i) प्रस्तावना
(ii) राष्ट्र के लिए 'एकता' आवश्यक
(iii) एकता के बाधक तत्त्व
(iv) एकता के पोषक तत्त्व
(v) उपसंहार

(ब) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निवारण
(i) प्रदूषण क्या है ?
(ii) प्रदूषण के प्रकार
(iii) प्रदूषण के कारण
(iv) प्रदूषण निवारण के उपाय
(v) उपसंहार

(स) सड़क सुरक्षा
(i) सड़क सुरक्षा का तात्पर्य
(ii) सड़क सुरक्षा की आवश्यकता
(iii) सड़क सुरक्षा के उपाय
(iv) उपसंहार

(द) मातृभाषा और उसका महत्त्व
(i) मातृभाषा का अर्थ
(ii) शिक्षा का मातृभाषा से सम्बन्ध
(iii) सांस्कृतिक विकास में मातृभाषा का महत्त्व

(iv) उपसंहार
प्रश्न–22 आपका नाम गौरव है, आप अपने विद्यालय की क्रिकेट टीम के कप्तान है। 4
विद्यालय में अधिक खेल सामग्री मंगवाने के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना–पत्र लिखिए। (उत्तर सीमा लगभग 300 शब्द)

अथवा

पढ़ाई हेतु छात्रावास में रह रहे अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर 'कोरोना–वायरस संक्रमण' से बचाव हेतु विभिन्न उपायों की जानकारी दीजिए।
प्रश्न–23 आपका मित्र फूलों से बनी वस्तुओं – गुलदस्तें, हार, मालाएँ आदि की बिक्री 4
बढ़ाना चाहता है। उसकी सहायता के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।
(उत्तर सीमा लगभग 25 से 50 शब्द)

अथवा

'कला अंकुर' संस्था की कलावीथि में कुछ चित्र (पेंटिंग्स) बिक्री के लिए उपलब्ध है। इस हेतु एक विज्ञापन लगभग 25 से 50 शब्दों में लिखिए।